## संपादकीय


# मुश्किल में कमलनाथ सरकार

मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार ने अभी डेढ़ साल भी पूरे नहीं किए हैं लेकिन अभी यह इतने भीषण संकट में पड़ गई है कि इसका बचना मुश्किल लगता है। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अभी हार नहीं मानी है, लेकिन लगभग 20 विधायकों के समर्थन वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में शामिल हो जाने के बाद अब कांग्रेस को किसी चमत्कार का ही सहारा रह गया है।

बहरहाल, कमलनाथ सरकार रहे या जाए, पर कांग्रेस नेतृत्व को उन सवालों का सामना करना चाहिए, जो इस संदर्भ में लगातार उठते रहे हैं। अभी उसका कहना है कि बीजेपी विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद से ही इस सरकार को गिराने में जुटी थी। कुछ प्रेक्षकों ने इस आरोप से सहमति भी जताई है। उनका कहना है कि सत्तारूढ़ दल के विधायकों से इस्तीफे दिलवाकर सरकार को अल्पमत में ला देने और फिर उपचुनावों के जरिये उनको दोबारा निर्वाचित करा लेने का जो फॉर्म्युला कर्नाटक में कामयाब रहा, उसे अब मध्य प्रदेश में भी दोहराया जा रहा है। इस व्याख्या में सचाई के अंश हो सकते हैं, लेकिन पूरे घटना  म पर नजर डालें तो लगता यही है कि मध्य प्रदेश में जो कुछ हो रहा है, उसका सीधा संबंध कांग्रेस के शीर्ष पर दिख रहे शून्य से है। देश की सबसे पुरानी पार्टी पिछले लोकसभा चुनावों में मिली हार के बाद से ही एक ऐसे संकट से गुजर रही है जिसकी बराबरी देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में शायद ही खोजी जा सके। आम चुनाव के नतीजों की समीक्षा के लिए आयोजित राष्ट्रीय बैठक में हार की जिम्मेदारी लेते हुए राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि वह खुद तो पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे ही रहे हैं, साथ ही यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि गांधी-नेहरू परिवार से कोई भी व्यक्ति  पार्टी का अगला अध्यक्ष नहीं बनेगा। तब से अब तक एवजी उपायों से ही कांग्रेस चल रही है। पार्टी के अंदर की धड़ेबाजी शीर्ष स्तर पर मौजूद इस नेतृत्वहीनता से कमजोर नहीं हुई। इसके बजाय हर राज्य में एक धड़ा दूसरे धड़े को कमजोर पाकर उसे निपटाने में जुट गया। राहुल गांधी के संक्षिप्त कार्यकाल में जो भी नेता उनसे नजदीकी के बल पर मजबूत हुए थे, उनके हटते ही वे अनाथ हो गए। हरियाणा और झारखंड के बाद मध्य प्रदेश तीसरा ऐसा राज्य है जहां राहुल के करीबी सबसे बड़े नेता ने कांग्रेस में अलग-थलग पड़ने के बाद बीजेपी की उंगली पकड़ी है। यह सिलसिला अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ शुरू नहीं हुआ है तो उनके जाते ही खत्म भी नहीं होने वाला। पार्टी की इस बदहाली पर किसी न किसी संयोग से बीच-बीच में परदा पड़ता रहा। महाराष्ट्र और झारखंड में इसका सत्ता में आ जाना ऐसा ही संयोग रहा, लेकिन परदा पड़ने से बीमारी ठीक नहीं होती। बीमारी का इलाज तो उसे समझ कर उसकी जड़ों पर चोट करने से ही होता है। अफसोस की बात है कि ऐसी कोई चर्चा अभी कांग्रेस में सुनाई नहीं दे रही।

# कोरोना के कारण यदि आईपीएल हुआ रद्द तो करीब 10 हजार करोड़ का होगा नुकसान

**नई दिल्ली।** महामारी घोषित हो चुके कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को दो बड़े कदम उठाए। पहला उसने भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज के बाकी बचे दो मैचों को रद्द कर दिया और दूसरा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें एडिशन को 15 अप्रैल तक टालने का फैसला लिया। आईपीएल की टीमों के मालिक भी उम्मीद कर रहे हैं कि अगर टूर्नामेंट 15 अप्रैल से शुरू होता है तो जिन राज्य सरकारों ने मैचों के लिए अनुमति देने से इनकार किया है, वे स्थिति




सुधरने पर इनके लिए हरी झंडी दे दें। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'राज्य सरकार जरूरी हिस्सा हैं क्योंकि वे सुरक्षा (पुलिस) मुहैया कराती हैं।

अगर दिल्ली, बेंगलुरु और महाराष्ट्र मैचों की मेजबानी के खिलाफ फैसला करती हैं तो कुछ तटस्थ स्थल तैयार होंगे। अगर मैच दर्शकों के बिना कराए जाते हैं और खिलाड़ियों के सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक से फ्रैंचाइजी को काफी प्रायोजन राशि और गेट से मिलने वाली राशि का नुकसान होगा। स्टार स्पोर्ट्स ने प्रसारण अधिकारों के लिए पांच साल के लिए 16,347 करोड़ रुपये (प्रत्येक वर्ष करीब 5500 करोड़ रुपये) दिए थे और अगर आईपीएल के दिनों की संख्या कम होती है तो वह भी बीसीसीआई से इस पर फिर से चर्चा करना चाहेगा। एक आकलन के मुताबिक, आईपीएल के रद्द होने की स्थिति में बीसीसीआई को करीब 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

## सोने-चाँदी में भारी गिरावट जारी

**नईदिल्ली।** कोरोना वायरस के संक्रमण के दुनिया के 120 से अधिक देशों तक फैलने से अर्थव्यवस्था को लेकर जतायी जा रही आशंका के मद्देनजर वैश्विक स्तर पर हो रही भारी बिकवाली के कारण कीमती धातुओं में जारी गिरावट का असर शनिवार को घरेलू बाजार पर दिखा जहां दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1,500 रुपये टूटकर 41,670 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस दौरान चाँदी 1,395 रुपये की गिरावट के साथ 42,460 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। विदेशों में शुक्रवार को सप्ताहांत पर कीमती



धातुओं पर भारी दबाव दिखा। लंदन और न्यूयार्क से मिली जानकारी के अनुसार सप्ताहांत पर सोना हाजिर भारी गिरावट लेकर 1529.05 डॉलर प्रति औंस पर रहा। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा 71.50 डॉलर टूटकर 1,517.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर करीब एक डॉलर गिरकर 14.72 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी।

## कोरोना की वजह से चीन के बाहर अपने सभी स्टोर 27 मार्च तक बंद करेगी एप्पल

**सान फ्रांसिस्को।** एप्पल ने कोरोना वायरस की वजह से चीन के बाहर अपने सभी स्टोर 27 मार्च तक बंद करने की घोषणा की है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने कहा कि एप्पल को चीन में उठाए गए कदमों से सीखने को मिला है।

## एरो एयरक्राफ्ट को मिला पहला एयरबस एच-125 हेलिकॉप्टर

**नयी दिल्ली।** राजधानी की गैर-अनुसूचित विमान सेवा कंपनी एरो एयरक्राफ्ट ने कहा है कि उसने अपने बेड़े के लिए पहला एच-125 एयरबस हेलिकॉप्टर लिया है। हेलिस्विस इबेरिका से पट्टे पर लिए गए इस हेलिकाप्टर को वह उत्तर भारत के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हेलि-तीर्थयात्रा (यात्री परिवहन) सेवाओं के लिए लगाएगी। एरो एयरक्राफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने एक बयान में कहा, एरो एयरक्राफ्ट को अपने पहले एच-125 हेलिकॉप्टर की डिलिवरी से खुशी है। कंपनी ने एच-125 का चयन इस लिए किया है क्योंकि यह अपनी श्रेणी का सबसे बहु-उपयोगी और लागत की दृष्टि से किफायती हेलिकॉप्टर है।

# आईएसएल-6 : एटीके, चेन्नइयन के पास इतिहास रचने का मौका

**फातोर्दा (गोवा)।** हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन का फाइनल शनिवार को एटीके एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा।

दो-दो बार यह खिताब जीतने के बाद एटीके और चेन्नइयन अब तीसरे खिताब के साथ इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहेंगे और इसके लिए फातोर्दा में जोरदार भिड़ंत की उम्मीद है। कोरोनावायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए फाइनल मुकाबला बंद दरवाजों के बीच खेला जाएगा। इस मैच में कोई दर्शक नहीं होगा। एटीके ने जहां दो चरण के सेमीफाइनल में मौजदा चैम्पियन बेंगलुरू एफसी को हराया था जबकि चेन्नइयन एफसी ने एफसी गोवा को हराते



हुए तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। दोनों क्लब लीग इतिहास में पहली बार फाइनल में आमने-सामने हैं। मजेदार बात यह है कि दोनों फाइनल में पहुंचने के बाद अब तक एक बार भी नहीं हारे हैं।

एटीके ने जहां लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल का टिकट कटाया है, वहीं चेन्नइयन ने दूसरे हाफ के बाद वापसी करते हुए फाइनल में पहुंचने का गौरव हासिल किया। नए मैनेजर ओवेन कोएल ने दिसंबर की शुरुआत में इसका चार्ज संभाला था और तब से इस टीम ने आठ मैच जीते। कोएल के आने से पहले चेन्नइयन एफसी ने सिर्फ एक मैच जीता था। अब कोएल ने चमत्कार कर दिखाया है। चेन्नइयन एफसी के लिए नेरीजुस वाल्सकिस काफी अहम साबित होंगे, क्योंकि इस खिलाड़ी के नाम 14 गोल हैं। वह तथा रफाएल क्रीवेलारो ने इस टीम के लिए कई मौकों पर अहम प्रदर्शन करते हुए हार को जीत में बदला है। विंगर लालियानजुआला चांग्ते भी इस टीम के लिए अहम कड़ी हैं। खासतौर पर बीते तीन मैचों में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। वह प्लेऑफ के दोनों लेग में गोल करने वाले पहले भारतीय बन चुके हैं।

# कोविड-19 के कारण एफआईएच प्रो लीग 15 अप्रैल तक निलंबित


**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ (एफआईएच) ने कोविड-19 महामारी का हवाला देते हुए शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के मैचों को 15 अप्रैल तक निलंबित कर दिया।

भारतीय टीम भी एफआईएच प्रो लीग में खेलती है जिसे अगले मुकाबले में 26 अप्रैल को बर्लिन में जर्मनी से खेलना है। एफआईएच ने कहा कि उसने यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सिफारिशों और सूचना और दुनिया भर में कई देशों की सरकारों और स्थानीय अधिकारियों द्वारा लिये गये फैसलों के आधार पर किया



है। विश्व संस्था के बयान के अनुसार, ''अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ और सभी भाग लेने वाले राष्ट्रीय संघों ने खेले जा रहे एफआईएच हाकी प्रो लीग के सभी मैचों को तुरंत प्रभाव से 15 अप्रैल तक निलंबित कर दिया है।

## यस बैंक पर लगी रोक 18 मार्च को हटा ली जाएगी




**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने यस बैंक पुनर्गठन योजना को अधिसूचित कर दिया है। इसके मुताबिक संकट में फंसे निजी क्षेत्र के बैंक पर लगी रोक 18 मार्च को हटा ली जाएगी। वर्तमान प्रशासक प्रशांत कुमार को नवगठित बोर्ड का प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त किया गया है। गजट अधिसूचना में बताया गया कि यस बैंक पुनर्गठन योजना 13 मार्च, 2020 से प्रभावी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पांच मार्च को यस बैंक पर रोक लगा दी थी जिसके तहत प्रति जमाकर्ता तीन अप्रैल तक बैंक से अधिकतम 50,000 रुपये ही निकाल सकता था। अधिसूचना में कहा गया, पुनर्गठित बैंक पर सरकार द्वारा जारी रोक का आदेश इस योजना के आरंभ की तिथि से तीसरे काम-काजी दिवस को शाम छह बजे से अप्रभावी हो जाएगा।

## आज का राशिफल

मेषः राशि का स्वामी मंगल नवम भाव में चल रहा है। चन्द्रमा तुला राशि का सप्तम भाव में आपके अन्दर भोग विलास की भावना को बढ़ाएगा।

वृषभः आज आपकी राशि से षष्ठम भाव में चन्द्रमा आपके जीवन में विघ्न बाधाएं उत्पन्न कर सकता है।

मिथुनः आज आप में अपने कार्य के प्रति लगन रहेगी एवं रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

कर्कः आज आप अधिकांश क्रियाकलापों में लिप्त रहेंगे। सायंकाल से देर रात तक आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

सिंहः आज तुला का चन्द्रमा आपको बहुमूल्य वस्तु से लाभ प्राप्त कराएगा।

कन्याः आज राशि से तृतीय भाव में चन्द्रमा राज्य विजय कारक है। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी।

तुलाः अधिक परिश्रम करने के कारण स्वास्थ्य कुछ नरम रहेगा। राज्य और समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन मिश्रित फलकारक है। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो आपकी खिन्नता को बढ़ा देंगे।

धनुः राशि से एकादश भाव में चन्द्रमा धर्म आध्यात्म में वृद्धि करेगा। दिन का कुछ समय सामाजिक क्रियाकलापों में भी लगेगा।

मकरः आज राशि से द्वादश व्यय एवं रोग स्थान में मंगल-गुरु-केतु योग आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ कराएगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं को लेकर आ रहा है।

मीनः यदि आपकी प्रोन्नति होने वाली है तो आपको लाभ होगा। आपको आकस्मिक चिन्ता होने की संभावना है। जिससे आप अपनी वाक्पटुता से शीघ्र ही दूर कर लेंगे।

## जैकी भगनानी और जूनो चोपड़ा बनाएंगे द बर्निंग ट्रेन का रीमेक

प्रड्यूसर जूनो चोपड़ा ने बीआर चोपड़ा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म पति पत्नी और वो का रीमेक बनाया था। इसके बाद जैकी भगनानी भी वरुण धवन और सारा अली खान के साथ कुली नंबर 1 के रीमेक को प्रड्यूसर कर रहे हैं।

अब इन दोनों प्रड्यूसर ने हाथ मिलाया है और ये 1980 की सुपरहिट फिल्म द बर्निंग ट्रेन का रीमेक बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म को जूनो पिता ने रवि चोपड़ा ने डायरेक्ट और उनके दादा बीआर चोपड़ा ने प्रड्यूस किया था।

इस फिल्म की कहानी एक नई ट्रेन सुपर एक्सप्रेस के ऊपर थी जो उस समय की सबसे फास्ट ट्रेन होती है लेकिन अपने पहले ही सफर में इस ट्रेन में आग लग जाती है। फिल्म में उस समय विनोद खन्ना, धर्मेंद्र, जितेंद्र, डैनी, विनोद मेहरा, हेमा मालिनी, परवीन बाबी और नीतू सिंह जैसे सुपरस्टार्स थे। उस समय फिल्म काफी अच्छे स्पेशल इफेक्ट्स का



इस्तेमाल किया गया था। रीमेक के बारे में बात करते हुए जैकी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग इसी साल शुरू हो जाएगी और जल्द ही इसकी कास्ट को फाइनल किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मॉडर्न टाइम के लिहाज से फिल्म में नए ट्विस्ट भी रखे जाएंगे। हालांकि मूल कहानी वैसी ही होगी। जूनो ने बताया कि फिल्म में बेहतरीन वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा।

## कॉम्पटिशन से फर्क नहीं पड़ता हैः जाह्नवी



बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का कहना है कि उन्हें कॉम्पटिशन से कोई फर्क नहीं पड़ता है। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें कॉम्पटिशन से कोई फर्क नहीं पड़ता है और वह जानती हैं कि वह इंडस्ट्री को क्या दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि वह अपनी किन चीजों पर काम कर एक बेहतर एक्टर बन सकती हैं और इसके लिए लगातार मेहनत कर रही हैं। इंडस्ट्री में सभी के लिए स्पेस है। जाह्नवी ने कहा, पिछले एक साल से मेरी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है और जाहिर है मेरी समकालीन अभिनेत्रियों के साथ तुलना होगी ही लेकिन कहीं ना कहीं ये इंडस्ट्री का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वह दूसरे कलाकारों का काम देखकर काफी मोटिवेट होती हैं।

## मेरी भूमिकाएं एक-दूसरे से अलग रही हैं : कियारा

अभिनेत्री कियारा आडवाणी का कहना है कि अब तक जिन फिल्मों में उन्होंने काम किया है सभी किरदारों में उनकी भूमिकाएं एक दूसरे से अलग-अलग रही हैं। आने वाले साल में वह काफी व्यस्त हैं। नेटफ्लिक्स फिल्म गिल्टी में वह दिखाई देंगी।



फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री कहा, मैं गिल्टी में ननकी नामक एक किरदार निभात रही हूं। वह एक अत्यंत परतदर और जटिल चरित्र है। उसने मास्क पहना हुआ है। मैं खुद जैसी हूं उससे वह कई दूर है। इस किरदार के विभिन्न शेड्स को समझना और इसको निभाना बेहद दिलचस्प रहा। उन्होंने आगे कहा,कबीर सिंह, गुड न्यूज और गिल्टी फिल्मों में मेरे किरदार एक दूसरे से काफी अलग हैं। उम्मीद है कि जैसे दर्शकों ने मुझे अन्य भूमिकाओं में पसंद किया था वैसे ही गिल्टी में भी करेंगे। बॉलीवुड की अपेक्षा नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स क्या एक्टर्स को बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। जवाब में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज के समय में यह बाते मिट रही हैं। मुझे याद है फिल्म संजू में मुझे विक्की कौशल का किरदार भी उतना ही पसंद आया जितना संजू का आया था।

# तैयार करें शाम के लिए बेहतरीन नाश्ता नूडल्स कटलेट

**सामग्री**

नूडल्स- 2 कप, लाल, पीली, हरी शिमला मिर्च- 1 कप (बारीक कटी), आलू- 1 कप (उबले और छीले हुए), गाजर- 1/4 कप (कटे हुए), नमक- स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच, चाट मसाला- 1 चम्मच, हल्दी पाउडर- 1/2 चम्मच, काली मिर्च पाउडर- स्वादानुसार, लहसुन- 1 चम्मच (बारीक कटे), अदरक- 1 चम्मच (बारीक कटे), हरी मिर्च- 1 चम्मच (बारीक कटी), हरी धनिया पत्ती- गार्निश के लिए, तेल- फ्राई करने के लिए, शेजवान सॉस- 2 चम्मच



**विधि**

नूडल्स को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर एक बाउल में डालें।

अब इसमें उबले आलू, शिमला मिर्च, गाजर डालकर हाथ से अच्छे से मिक्स करें।


फिर नमक, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, हल्दी, काली मिर्च पाउडर, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च, धनिया पत्ती डालकर मिक्स कर लें।

अब इनके छोटे-छोटे बॉल्स बना लें। कटलेट का शेप दें और प्लेट में रख लें। नॉन स्टिक पैन गर्म करें और इसमें इन कटलेट्स को गोल्डेन ब्राउन होने तक फ्राई कर लें। सर्विंग प्लेट में निकालें और शेजवॉन सॉस के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 61

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कोड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल



## सू-डोकू- 61

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |